# उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

**प्रेस नोटः साइबर क्राइम थाना**

**जनपद अमेठी।**

दिनांक- **07.07.2025**

**Cyber Fraud Help Line No. 1930**

**साइबर (Cyber) क्राइम थाना जनपद अमेठी द्वारा जून माह में अब तक धोखाधड़ी / गुमराह कर आम - जनमानस के बैंक खातों/वॉलेट/क्रेडिट/डेबिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये रुपये में से 5,48,786/- रु० को पीड़ितों के खातों में वापस कराया गया।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी **श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक** के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी द्वारा **दिनाँक 01.06.2025 से 30.06.2025 तक** साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गहनता से तथ्यातमक बिन्दुओं की छानबीन करके तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए **कुल 08 पीडितों के खातों/वॉलेट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि से निकाले गये कुल रुपये में से 5,48,786/- रु0 पीडितों के बैंक खातों में वापस/बरामद कराए गये।**

**विवरण पुलिस टीम-**

- श्री राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 रवि कुमार मौर्य साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 सतीश कुमार गुप्ता साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 बलबीर कश्यप साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 राकेश कुमार यादव साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 विनोद कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।
- का0 तनुज कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद अमेठी।

**साइबर फ्रॉड से सम्बंधित सुरक्षा और बचाव के उपाय–**

- अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें / अंजान कॉल, लिंक, APK फाइल, संदेशो (SMS) से सावधान रहें / सुरक्षा साफ्टवेयर(Anti-Virus) का उपयोग करें / मजबूत पासवर्ड रखे / सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग करें।

**सावधानी-** गूगल सर्च से सावधान रहें, किसी भी सेवा या संस्थान का कस्टमर केयर नम्बर उनकी आधिकारिक बेबसाइट से ही प्राप्त करें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

**नोटः साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर *1930* अथवा *www.cybercrime.gov.in* पर अपनी शिकायत दर्ज करें।**